City of Santa Clara
The Center of What's Possible

विधेयक E
अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्र: विधेयक E क्या है?	उ: विधेयक E एक स्थानीय मतपत्र विधेयक है जो सांता क्लारा शहर के होटल कर की दर में वृद्धि करने की अनुमति देता है। इसके पास हो जाने पर, विधेयक E शहर को होटल कर की वर्तमान 9.5% की दर को क्रमशः बढ़ाते हुए उसमें कुल चार प्रतिशत तक की वृद्धि करने की अनुमति देगा। विधेयक E घर या संपत्ति कर नहीं है। इसका भुगतान सांता क्लारा के होटलों, मोटलों और अन्य अल्पकालिक आवासों में ठहरने वाले मेहमानों द्वारा किया जाएगा।
प्र: विधेयक E मतपत्र पर क्यों है?	उ: नगर परिषद ने विधेयक E को नवंबर 2020 के मतपत्र पर रखा है। पास हो जाने पर, विधेयक E सार्वजनिक सुरक्षा, सड़कों के रखरखाव, पार्कों और मनोरंजन जैसी आवश्यक सेवाओं, तथा अन्य साधारण सेवाओं को बनाए रखने में मदद करेगा। विधेयक E से प्राप्त होने वाले पैसे को स्थानीय रूप से खर्च किया जाएगा और राज्य द्वारा कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। सांता क्लारा शहर की कर दर 1992 के बाद से वही है और वर्तमान में यह काउंटी की दूसरी सबसे कम होटल कर दर है।
प्र: चुनाव कब है?	उ: 3 नवंबर 2020 को। पहली बार, सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को एक मेल-इन मतपत्र प्राप्त होगा। अपने पंजीकरण की जाँच करने या मतदान करने के लिए पंजीकृत होने के लिए, sccgov.org पर जाएँ। **पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर है।**
प्र: मुझे विधेयक E के बारे में अधिक जानकारी कहां मिल सकती है?	उ: अधिक जानकारी के लिए, कृपया शहर की वेबसाइट SantaClaraCA.gov/MeasureE पर जाएं।

City of Santa Clara
The Center of What's Possible

City of Santa Clara
1500 Warburton Avenue
Santa Clara, CA 95050

विधेयक E के बारे में जानकारी

सांता क्लारा नगर परिषद ने विधेयक E को सर्वसम्मति से 3 नवंबर 2020 के मतपत्र पर रखा है। यदि मतदाता इसे पास कर देते हैं, तो विधेयक E शहर को सांता क्लारा के होटल कर की दर को, जिसका भुगतान केवल मेहमानों द्वारा किया जाता है, समय के साथ 4% तक बढ़ाने की अनुमति देगा, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा, सड़कों के रखरखाव, पार्कों और मनोरंजन जैसी आवश्यक सेवाओं, और अन्य साधारण सेवाओं को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

सांता क्लारा में होटल कर की दर वर्तमान में काउंटी में दूसरी सबसे कम होटल कर दर है और 1992 से वही है। यदि विधेयक E को मतदाताओं द्वारा पास कर दिया जाता है, तो यह बाजार में परिवर्तनों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, नगर परिषद को वर्तमान होटल कर की दर को क्रमश बढ़ाकर उसमें चार प्रतिशत तक की वृद्धि करने का विकल्प प्रदान करेगा। विधेयक E का उद्देश्य निवासियों के करों को बढ़ाना नहीं है; यह सांता क्लारा के होटलों, मोटलों और अन्य अल्पकालिक आवासों में ठहरने वाले मेहमानों पर लगने वाला कर है।

विधेयक E से प्राप्त होने वाला राजस्व स्थानीय रूप से नियंत्रित धन प्रदान करेगा जो शहर की महत्वपूर्ण सेवाओं के रखरखाव और सुरक्षा में मदद करेगा और इसे राज्य द्वारा नहीं लिया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया SantaClaraCA.gov/MeasureE पर जाएं

सूचनात्मक प्रयोजनों के लिए प्रदान किया गया।
सांता क्लारा शहर विधेयक E पर हां या नहीं की स्थिति लेने की पैरवी नहीं करता हैं।

City of Santa Clara
The Center of What's Possible